राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0 ) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com
website:www.sudaup.org

पत्रांकः– ९०० /241/NULM/तीन/2001(SUH) दिनांक 15-11- 2016

सेवा में,

1. नगर आयुक्त/सिटी प्रोजेक्ट आफिसर,
   नगर निगम–सहारनपुर।

2. सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर
   शहर मिशन प्रबंधन इकाई
   संत कबीर नगर, शामली, सीतापुर, एवं रायबरेली।

विषय– दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन0यू0एल0एम0) के घटक "शहरी बेघरों हेतु आश्रय योजना" (एस0यू0एच0 ) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन0यू0एल0एम0) के घटक "शहरी बेघरों हेतु आश्रय योजना" (एस0यू0एच0) योजना के अंतर्गत विचाराधीन प्रस्तावों के संबंध में नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–833/69–1–14–14 (104)/2013 दिनांक 23.05.2014 के द्वारा प्रमुख सचिव/सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक दिनांक 18.11.2016 को सायं 05:30 बजे सूडा के सभागार कक्ष में आहूत की गयी है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में प्रेषित परियोजनाओं का समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण आप द्वारा किया जाना है। अतः बैठक में परियोजनाओं के प्रस्तुतीकरण आदि हेतु निर्धारित समय से एक घण्टे पूर्व उपस्थित होने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नक– कार्यसूची।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शामली, सीतापुर, एवं रायबरेली को इस आशय से प्रेषित कि कृपया परियोजना अधिकारी, डूडा को सुसंगत सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शामली, सीतापुर, एवं रायबरेली को अनुपालनार्थ।
3. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद संत कबीर नगर, शामली, सीतापुर, एवं रायबरेली।
4. सहायक बेवमास्टर को सूडा की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना" (Scheme for shelter for urban homeless-SUH) के अन्तर्गत प्रदेश के नगरीय निकायों से प्राप्त प्रस्तावों की स्वीकृति हेतु सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित "राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति" की बारहवीं बैठक दिनांक 18.11.2016 की कार्यसूची।

स्थल : सूडा, सभागार | समय : 05:30 सायं

**कार्यसूची (Agenda)**

**बिन्दु सं0–1** राज्य परियोजना स्वीकृति समिति की दसवीं बैठक दिनांक 02.08.2016 की कार्यवाही की पुष्टि।

**बिन्दु सं0–2** दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना" (SUH) के अन्तर्गत सहारनपुर नगर में दो आश्रय गृहों के नये निर्माण की स्वीकृति निरस्त करने पर विचार।

**टिप्पणी–** दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना" (SUH) के अन्तर्गत राज्य परियोजना स्वीकृति समिति की पंचम बैठक दिनांक 23.01.2015 में क्रमांक–1 पर सहारनपुर नगर में दो शेल्टर होम के निर्माण और संचालन तथा प्रबन्धन हेतु निम्नलिखित विवरणानुसार स्वीकृति प्रदान की गई थी:– रू0 लाख में

| क्र0 सं0 | स्थल का नाम | प्रकार | क्षमता | निर्माण लागत | संचालन व्यवस्था लागत 5 वर्षों हेतु | प्रस्तावित कुल लागत | अवमुक्त प्रथम किश्त की धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुधली रोड | नया निर्माण | 54 | 148.42 | 29.94 | 178.38 | 59.368 |
| 2 | दारा अली की चुंगी | नया निर्माण | 54 | 155.04 | 29.94 | 184.98 | 62.016 |

परियोजना अधिकारी डूडा–सहारनपुर के पत्र सं0–340एन0यू0एल0एम0/2016–17 दिनांक 20.08.2016 द्वारा अवगत कराया गया है कि क्रमांक 1 पर अंकित सहारनपुर के सड़क दुधली रोड के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा पत्रांक ई–14013/01(27)/2013 यू0एस0डी0 एफ0टी0एस0–10389 दिनांक 26.03.2015 के माध्यम से चयनित कार्यस्थल रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैण्ड से काफी दूर बताते हुए सलाह दी गयी है कि परियोजना के उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति हेतु नये कार्य स्थल का चयन किया जाय। उक्त के अतिरिक्त क्रमांक 02 पर अंकित दारा अली

की चुंगी, सहारनपुर की भूमि पर मा0 न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित है। उपरोक्तानुसार सहारनपुर में उक्त स्थलों के अतिरिक्त अन्य कोई भूमि उपलब्ध नहीं है, जिस कारण आश्रय निर्माण कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

परियोजना अधिकारी द्वारा उक्त मद में अवमुक्त धनराशि रू0 121.384 लाख की डी0डी0 सं0– 030315 दिनांक 20.08.2016 भी पत्र के साथ संलग्न कर भेजी गई है।

राज्य शहरी आजीविका मिशन के पत्र सं0– 642/241/NULM/तीन/2001 (SUH) Vol-IV दिनांक 07.09.2016 द्वारा इस धनराशि पर अर्जित ब्याज की भी मांग की गई है।

उपरोक्त स्थिति में सहारनपुर नगर में स्वीकृत उपरोक्त दो आश्रय गृहों के निरस्तीकरण की स्वीकृति पर विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**बिन्दु सं0–3** दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना" (SUH) के अन्तर्गत खलीलाबाद– संत कबीर नगर में आश्रय गृह के नये निर्माण की स्वीकृति के निरस्तीकरण पर विचार।

टिप्पणी–राज्य परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक दिनांक– 12.03.2015 के कार्यवृत्त संख्या– 5609/241/NULM/तीन/2001(SUH) दिनांक 31.03.2015 के द्वारा संत कबीर नगर के खलीलाबाद हेतु 100 शहरी बेघरों हेतु परियोजना लागत रू0 258.77 (निर्माण लागत रू0 228.77 एवं 05 वर्षों हेतु संचालन व्यवस्था रू0 30.00 लाख) स्वीकृत की गई थी और प्रथम किश्त के रूप में रू0 91.51 लाख धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा सन्तकबीर नगर के पत्रांक 654/आश्रय योजना/डूडा/2015–16 दिनांक 14.03.2016 द्वारा अवगत कराया गया कि स्थल विवादित हो जाने के कारण निर्माण कार्य प्रारम्भ न हो सका। आश्रय योजनान्तर्गत दूसरी जगह जमीन मिल जाने के कारण नया डी0पी0आर0 बनाकर भेजा जा रहा है। पुराने डी0पी0आर0 को निरस्त करते हुए नये डी0पी0आर0 को संस्तुति करने का कष्ट करें।

इस क्रम में वैकल्पिक भूमि पर शेल्टर होम के निर्माण हेतु डी0पी0आर0 राज्य परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक दिनांक 02.08.2016 में विचारार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसका विवरण निम्नवत है:–

| क्र0सं0 | क्षमता | तल का विवरण | निर्माण क्षे0 (वर्ग मी0) | निर्माण लागत | O&M | कुल लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 70 | G+2 | 931.16 | 191.95 | 42.00 | 233.95 |

(धनराशि रू0 लाख में )

| क्र0 सं0 | निकाय का नाम | आश्रय का प्रकार | तल का विवरण | आश्रय की क्षमता | निर्माण क्षे0 (वर्गमी0 में) | प्रस्तावित निर्माण लागत | संचालन प्रबन्धन हेतु धनराशि | कुल प्रस्तावित लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीतापुर | नया निर्माण | G+2 | 50 | 1053.84 | 233.65 | 30.00 | 263.65 |
| 2 | रायबरेली | नया निर्माण | G+1 | 50 | 575.80 | 250.41 | 29.94 | 280.41 |
| 3 | शामली | नया निर्माण | G+1 | 50 | 785.36 | 171.84 | 29.94 | 201.78 |

बिन्दु सं0– 6 – अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से–